# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर आज श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दोपहर दो बजे तक पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ स्नान कर चुके थे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अखाड़ा परिषद ने अमृत स्नान को सुबह स्थगित कर दिया, हांलाकि दोपहर बाद जब श्रद्धालुओं की भीड़ थोड़ी कम हो गई तो इसे फिर से शुरू कर दिया गया। बारी बारी सभी अखाड़ों और साधु संतों ने भी अमृत स्नान किया।

महाकुंभ की शुरुआत तेरह जनवरी को हुई थी । इसका पहला अमृत स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन हुआ । आज दोपहर तक पच्चीस करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ आ चुके थे।

श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों सहित पचास हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। संगम में पानी के नीचे की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पहली बार अंडरवॉटर ड्रोन भी तैनात किए गए हैं।

इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों, श्रद्धालुओं और साधु संतों से किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

***मेरी अपील है पूरे प्रदेश वासियों से पूरे देशवासियों से और सभी श्रद्धालुओं से भी सभी पूज्य संतों से भी की अफवाह पर कोई ध्यान न दें। संयम से काम ले ये यह सब आयोजन सभी लोगों का है प्रशासन उनकी सेवा के लिए पूरी तत्परता से लगा हुआ है। केन्द्र और राज्य सरकार पूरी मजबूती के साथ वहां पर हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर है लेकिन कोई किसी अफवाह पर ध्यान न दें।***

महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी जिलों के प्रशासन को सतर्क किया गया है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा आज एक सौ नब्बे महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। राज्य परिवहन निगम भी बड़ी संख्या में बसों का संचालन कर रहा है।

**********

महाकुंभ में हुई घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ने जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया संदेश कहा कि इस हादसे में जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। आज एक जनसभा के दौरान शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि–

***मैं महाकुंभ में जो दुखद हादसा हुआ है उस हादसे में हमें कुछ पुण्य आत्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोटें भी आई हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थानीय प्रशासन पीडितों को हरसंभव मदद देने में जुटा हुआ है।

**********

रेलवे ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों का खंडन किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि महाकुंभ के लिए कुछ विशेष ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रसार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इन खबरों को पूरी तरह से निराधार और भ्रामक बताया।

**इस महाकुंभ के दौरान भारतीय रेल द्वारा 13 हजार चार सौ से अधिक गाडियों का परिचालन किया जा रहा है। कुछ सोशल मीडिया साइट्स पर ऐसी बातें सामने आई है कि रेलवे ने गाड़ियों को कैंसिल किया है, इस बात में सच्चाई नहीं है। भारतीय रेलवे ने जिन गाड़ियों को चलाने की घोषणा की है उन सारी गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। जिसमें विशेष गाडियां भी शामिल हैं।**

**********

मौनी अमावस्या के अवसर पर आज वाराणसी, अयोध्या, मिर्जापुर कुशीनगर और गोरखपुर समेत कई जिलों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान किया। कल मध्यरात्रि के बाद से ही श्रद्धालुओं के पवित्र नदियों के तट पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया जो आज दिन भर चलता रहा। स्नान के बाद श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन कर रहे हैं। मौनी अमावस्या को देखते हुए सभी तीर्थस्थलों और नदियों के तट पर स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति ने आज मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में इकतीस सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि समिति ने विधेयक से संबंधित चौदह खंडों पर संशोधन को स्वीकार किया है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने कल पूर्वी उत्तर प्रदेश के तराई वाले इलाकों में सुबह और रात के समय घने कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इकतीस जनवरी और एक फरवरी को इन इलाकों में हल्के कोहरे की संभावना है।

**********